University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

नैक द्वारा A++ प्रत्यायित

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P.)INDIA

संख्या R/07/23
दिनांक 05/01/2023

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 04.01.2023 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बैठक में निम्न निर्देश प्रदान किये गये हैः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयक अपने विभाग/संस्थान की समय सारणी सम्बन्धित पाठयक्रम को अध्यादेश के अनुरूप क्रेडिट सिस्टम के आधार पर अपडेट करते हुए, संकायाध्यक्ष के माध्यम से सभी शिक्षको के वर्कलोड के साथ कुलपति कार्यालय को दिनांक 07.01.2023 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं निदेशक अपने विभाग/संस्थान के एल्युमिनाई एसोसिएशन को यथाशीघ्र पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करे।
3. विश्वविद्यालय में जो भी कार्यक्रम आयोजित हो, उनको अनिवार्य रूप से कुलगीत के साथ प्रारम्भ किया जाये।
4. समस्त विभाग के लेटर हेड का डिजाइन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानक प्रारूप के अनुसार बनाए जाना सुनिश्चित करे।
5. छात्र–छात्राओ के समस्याओ के निवारण हेतु उनसे मिलने के लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय निर्धारित कर उसको विभाग मे अधिसूचित करते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित करे।

अतः मा0 कुलपति महोदय के उपर्युक्त आदेशो का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करे।

भवदीय,
5-1-23
(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या–.............. दिनांक–..............

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, ल0वि0वि0।
3. इंचार्ज वेबवाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबवाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव